जागो वोटर

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में मतों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही सत्ता में आ पाते हैं। स्पष्ट है कि प्रत्येक मत बहुमूल्य है, फिर भी हम अपने मत का महत्व नहीं समझते। मतदान करने न जाकर हम दूसरे अन्य कार्यों में लगे रहते हैं। इस कारण हम अपने वांछनीय सदस्यों को सत्ता में बैठा हुआ नहीं देख पाते। हम सब को स्वयं से प्रण करना है कि हमें इस बार न केवल स्वयं मतदान केंद्र जाकर मतदान करना है, वरन अपने आसपास के सभी लोगों को मतदान केंद्र जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करके भेजना है। इस बार प्रथमं बार मतदाता बने युवा वर्ग से संपर्क करके उन्हें गंभीरता पूर्वक मतदान को अपना कर्तव्य मानते हुए मतदान करना सुनिश्चित करने को तत्पर रहने को कहना है। मेरी सबसे जोरदार अपील है कि मतदान अवश्य करें।

प्रो. सपना वर्मा, प्राचार्य, नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज।